देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 194 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**एक–दूसरे से बनते दिलचस्प रिश्ते



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 4 नवंबर 2020



मौसम — अधिकतम 29.0° न्यूनतम 14.0°

37244.59

2 अमेरिका में शुरू हुई चुनावी जंग

7 ड्रग्स लेते थे मौजूदा पीएम इमरान खान

## संक्षिप्त समाचार

### तिरंगे पर बयान के बाद अब कश्मीर युवाओं को भड़काने में जुटीं महबूबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में आर्टिकल 370 के कुछ प्रावधानों में तब्दीली के बाद तकरीबन 14 महीनों तक पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती नजरबंद रहीं। 14 महीनों बाद जब वह मीडिया के बीच आईं तो उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर विवादित बयान दे दिया। अब फिर से महबूबा ने कश्मीर के युवाओं को उग्र करने वाला बयान दिया है। महबूबा मुफ्ती ने कहा, कश्मीरी युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। पहले जो कानून बनाए गए थे उनके लिए जनता से सलाह ली गई थी और वे जनता को सहूलियत देने वाले कानून थे।

### हरलाखी की रैली में नीतीश पर चले पत्थर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मधुबनी। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तीसरे चरण के मतदान के लिए मधुबनी के हरलाखी में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। यहां रैली में जब सीएम नीतीश नौकरियों की बात कर रहे थे उसी दौरान भीड़ से किसी ने उन पर पत्थर फेंक दिया। इसपर सीएम नीतीश मंच से ही नाराज हो गए और बोलने लगे– खूब फेंको, फेंकते रहो, इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

### बढ़ गए सोने के दाम, चांदी की भी बढ़ी चमक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोने में 55 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इस बढ़त से सोने की कीमत दिल्ली में 50,735 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। चांदी की कीमत में मंगलवार को 170 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा हुआ है। इस बढ़ोत्तरी से चांदी 61,780 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।

# डबल युवराज से बचकर: मोदी

## बिहार में दूसरे चरण मे 6 बजे तक 51.94 फीसदी मतदान हुआ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण मे 6 बजे तक 51.94 फीसदी मतदान हुआ। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहरसा में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते दिनों में बिहार के करीब हर क्षेत्र में मैं गया हूं। जनभावनाओं के देखा है, समझा है। अभी दूसरे चरण के मतदान के जो ट्रेंड मिल रहे हैं, उसने तस्वीर साफ कर दी है। बिहार का जनादेश स्पष्ट है, बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। जंगलराज ने बिहार के सामर्थ्य के साथ जो विश्वासघात किया, उसे बिहार का हर नागरिक अच्छे से जानता है। जुबान पर बार–बार गरीब का नाम वालों ने गरीब को ही चुनाव से दूर कर दिया था। बिहार के गरीब को अपनी मर्जी की

### जंगलराज के साथी चाहते हैं, भारत माता की जय के नारे न लगें

सरकार बनाने का अधिकार ही नहीं था।

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार को जंगलराज बनाने वालों के साथी, उनके करीबी क्या चाहते हैं, आपको पता है? वो चाहते हैं, आप भारत माता की जय के नारे न लगाएं। छठी मैया को पूजने वाली इस धरती पर, जंगलराज के साथी चाहते हैं कि भारत माता की जय के नारे न लगें। वो चाहते हैं, आप जय श्री राम भी न बोलें। बिहार के चुनाव प्रचार में मां भारती का जयकारा करना इन लोगों को रास नहीं आ रहा। बिहार की अनेकों वीर माताएं, अपने लाल, अपनी लाडली को राष्ट्ररक्षा के लिए समर्पित करती हैं। बिहार के शूरवीर देश की सीमा, देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हैं, देश की रक्षा करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के हर जिले में कम से कम एक ऐसा उत्पाद है जो देश और विदेश के बाजारों में धूम मचा सकता है। आत्मनिर्भर बिहार के लिए हर जिले में इन उत्पादों को निखारने, संवारने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। छव। सरकार हमारे किसानों के उत्पादों को कितना संरक्षण दे रही है, इसका बहुत बड़ा उदाहरण है हमारा जूट से जुड़ा सेक्टर। आज जब देश सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति की तरफ तेजी से अपने कदम बढ़ा रहा है, तो इसका सीधा लाभ हमारे जूट किसानों को हो रहा है, जूट उद्योग को हो रहा है।

**अपील-जितना संभव हो सके, लोकल चीजें ही खरीदें:** आने वाले दिनों में धनतेरस, दीवाली, छठ का त्योहार आ रहा है। मेरा आपसे आग्रह है कि जितना संभव हो सके, लोकल चीजें ही खरीदें। इससे दीवाली सिर्फ आपके घर ही नहीं, उस गरीब सामान बेचने वाले के घर भी होगी।



### एक वोट की ताकत कम मत आंकना

पीएम मोदी ने कहा कि आपके एक वोट की ताकत कम मत आंकना। जिस प्रकार से श्रीकृष्ण ने एक उंगली पर गोवर्धन को उठाया था, जिस प्रकार से ग्वालों ने समर्थन किया था, वैसे ही आपकी उंगली पर लोकतंत्र के सौभाग्य का चिह्न लगने वाला है। आपके एक–एक वोट की ताकत बिहार के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। बीते दशक में नीतीश जी के नेतृत्व में छव। सरकार ने आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत नींव रखी है। बिहार में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूल सुविधाएं आज गांव–गांव पहुंच चुकी हैं। आज बिहार देश के उन राज्यों में है, जहां बिजली की खपत सबसे अधिक होती है।

# कोरोना के खिलाफ जंग में अच्छी खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण का ग्राफ अब ढलान की तरफ है। अब तक 76 लाख से ज्यादा लोग ठीक हो चुके हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। रिकवरी रेट लगातार बढ़ रहा है। लेकिन दिल्ली, केरल, पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में केस बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से केंद्र और राज्य सरकारों की गाइडलाइंस के पालन की अपील की है। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना संक्रमण की स्थिति बेहतर हुई है और इसे बचाकर रखने की जरूरत है।

**ऐक्टिव केस अब 5.5 लाख से भी नीचे:** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामले 82 लाख के पार पहुंच चुके हैं। अब तक कोरोना से 1,23,097 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि भारत में अब तक 76,03,121 लोग ठीक हुए हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। खास बात यह है कि ऐक्टिव केसों की संख्या लगातार घट रही है।

**राहत**

■ऐक्टिव केस 5.5 लाख से भी कम हुए, रिकवरी रेट 92 प्रतिशत

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार को भारत में ऐक्टिव केस 5.5 लाख से कम रहे। इसमें पिछले एक हफ्ते से लगातार गिरावट देखी जा रही है। मंगलवार को देश में 5.41 लाख ऐक्टिव केस रहे।

**उम्मीद जगा रहे हैं आंकड़े:** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में प्रति लाख की आबादी में कोरोना के 5,991 मामले सामने आ रहे हैं। दुनिया में प्रति 10 लाख की आबादी पर 5,944 मामले रिपोर्ट हुए हैं। यानी भारत का औसत दुनिया के औसतन के लगभग बराबर है। इसी तरह, प्रति 10 लाख की आबादी पर भारत में 89 लोगों की मौत हुई है, जबकि दुनियाभर में प्रति 10 लाख की आबादी पर 154 मौतें हुई हैं। भारत में रिकवरी रेट 91.96 प्रतिशत है। त्योहारी सीजन में और ज्यादा एहतियात बरतने पर जोर देते हुए मंत्रालय ने कहा, त्योहारों पर कोविड दिशानिर्देश को अपनाएं।

# 52 हजार दुग्ध उत्पादकों के लिए राहत भरी खबर

## पिछले छह माह की प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने जा रही है सरकार

**संवाददाता**

देहरादून। सहकारी दुग्ध समितियों से जुड़े 52 हजार दुग्ध उत्पादकों के लिए राहत भरी खबर। सरकार दीपावली से पहले उन्हें चार रुपये प्रति लीटर के हिसाब से दी जाने वाली पिछले छह माह की प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने जा रही है। कोविड के कारण इस बार यह भुगतान लंबित था।

सहकारिता एवं दुग्ध विकास राज्यमंत्री डॉ.धन सिंह रावत के अनुसार इस संबंध में एक–दो दिन में बजट जारी कर दिया जाएगा। इससे पहले दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि मिलने में हो रहे विलंब के मद्देनजर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत ने सहकारिता राज्यमंत्री डॉ.रावत का ध्यान इस तरफ दिलाया।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की पहल दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि:** दरअसल, दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ, लालकुआं के सदस्यों ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत से मुलाकात कर अवगत कराया कि उन्हें सरकार की ओर से दी जाने वाली प्रति लीटर चार रुपये की प्रोत्साहन राशि अभी तक नहीं मिल पाई है। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष भगत ने सहकारिता एवं दुग्ध विकास राज्यमंत्री डॉ. धन सिंह रावत से मुलाकात कर इस मसले की तरफ ध्यान दिलाया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि दुग्ध उत्पादकों को दीपावली से पहले यह प्रोत्साहन राशि दे दी जाए। राज्यमंत्री डॉ.रावत ने इस पर सहमति जताई। इस अवसर पर जिसके पश्यात प्रदेश के समस्त दुग्ध उत्पादकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत व दुग्ध विकास राज्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया।

गौरतलब है कि राज्य में करीब 52 हजार दुग्ध उत्पादक विभिन्न सहकारी दुग्ध समितियों से जुड़े हैं। दुग्ध समितियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब दो लाख लीटर दूध का उपार्जन होता है।

### कोविड के कारण भुगतान में हुआ था विलंब

राज्यमंत्री डॉ.रावत ने बताया कि इस बार कोविड के कारण दुग्ध उत्पादकों को दी प्रति लीटर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में विलंब हुआ था। एक–दो दिन में बजट जारी कर पिछले छह माह की प्रोत्साहन राशि का भुगतान दुग्ध उत्पादकों को कर दिया जाएगा।

# चीन ने नेपाल की जमीन पर किया कब्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। भारत और चीन के बीच पूर्व लद्दाख के गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद ड्रैगन ने नेपाल की 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया है। चीन ने पांच मोर्चों पर इस साल मई महीने में नेपाल की जमीन पर कब्जा करना शुरू किया। नेपाल के नेताओं ने बताया कि नेपाली जमीन पर कब्जे के लिए चीन ने

### नेपाल सीमा पर बना रहा सैन्य ठिकाना

सीमा पर अपनी सेना PLA को तैनात करना शुरू कर दिया था। ब्रिटेन के अखबार द डेली टेलीग्राफ से बातचीत में नेपाली नेताओं ने बताया कि नेपाल के उत्री–पश्चिमी जिले हुमला में चीनी सेना ने लिमी घाटी और हिल्‍सा को पार किया और पत्थ्थर के बने पिलर को हटा दिया। यही पिलर उखाड़कर उसे और ज्यादा नेपाली इलाके में पीछे कर दिया। इसके बाद चीनी सेना अब इस इलाके में सैन्य ठिकाना बना रही है।

अखबार ने बताया कि उसने चीनी सेना के सैन्य ठिकाने की तस्वीरें देखी हैं। पीएलए के सैनिकों ने कथित रूप से गोरखा जिले में भी सीमा के पिलर को नेपाल के इलाके में और ज्यादा पीछे खिसका दिया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in